100 Years 1920-2020
University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

# University in News on 14 August 2021

## AMRIT VICHAR PAGE 3

### लविवि के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए 32 लाख स्वीकृत

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में विभिन्न प्रस्ताव शासन को विश्वविद्यालय में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत प्रस्तुत किए थे। इन सभी प्रस्ताव का परीक्षण एक्सपर्ट पैनल के द्वारा करवाने के बाद उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद ने लखनऊ विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के अंतर्गत 32 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।स्वीकृति प्राप्त करने वाले प्रस्तावों में भौतिक विज्ञान के डॉ. आर के शुक्ला, अंग्रेजी विभाग के डॉ ओमकार नाथ, अर्थशास्त्र विभाग के डॉ संजीव कुमार, संस्कृत विभाग के डॉ प्रयाग नारायण मिश्र, विधि संकाय के राकेश सिंह, सांख्यिकी विभाग के डॉ अशोक, वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रो. पूर्णिमा, जंतु विज्ञान के प्रो. एसपी त्रिवेदी, अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. करुणा शंकर आदि के प्रस्ताव शामिल हैं।

### केंद्रीयकृत व्यवस्था के लिए कालेजों से मांगे गये आवेदन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कई महाविद्यालयों को केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। इस प्रक्रिया में 119 पाठ्यक्रमों के लिए इस वर्ष 2021-22 के अकादमिक सत्र के लिए 52 महाविद्यालयों ने आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन की प्रक्रिया 31 अगस्त तक चलेगी और आशा है छात्र-छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए और भी संबंध महाविद्यालय इस प्रणाली में जुड़ेंगे। सबसे अधिक आवेदन एवं बीकॉम ऑनर्स पाठ्यक्रम के लिए आए हैं। इसके अतिरिक्त बीसीए बीबीए एवं बीएससी मैथ्स और बीएससी बायोलॉजी के लिए भी कई महाविद्यालयों ने आवेदन किया है। एमएड और बीकॉम के लिए भी कई आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन पाठ्यक्रमों के अलावा बीए, बीजेएमसी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीवीए/बीएफए, बीएलएड, बीपीएड, एमए, एमपीएड पाठ्यक्रमों की भी लोकप्रियता महाविद्यालयों के आवेदन में देखने को मिली है।

### 21 व 23 को होगी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय आगामी 21 और 23 अगस्त को अकादमिक सत्र 2020 21 के पीएचडी की प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। इन तिथियों को में पीएचडी के प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। 21 अगस्त को 15 अलग-अलग पाठ्यक्रमों में 1866 अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी करने के लिए प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे। 23 अगस्त को होने वाली परीक्षा में 17 अलग-अलग पाठ्यक्रमों में 1886 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे।

## NBT PAGE 4

### एलयू को शोध के लिए मिलेंगे 32 लाख रुपये

**एनबीटी, लखनऊः** राज्य उच्च शिक्षा परिषद ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत एलयू के लिए 32 लाख का बजट जारी किया है। एलयू प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि डॉ. आरके शुक्ला, डॉ. ओमकार नाथ उपाध्याय, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. प्रयाग नारायण मिश्र, डॉ. राकेश कुमार सिंह, डॉ. अशोक कुमार, प्रो. पूर्णिमा वाजपेई, प्रो. एसपी त्रिवेदी, डॉ. करुणा शंकर कनौजिया, डॉ. किया पांडे को शोध के लिए रकम मिलेगी। वहीं, रिसर्च ऐंड डिवेलपमेंट योजना के तहत जंतु विज्ञान विभाग की प्रो. अमिता कनौजिया को 4.83 लाख और वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रो. मनीषा बनर्जी को 5.52 लाख रुपये मिलेंगे।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा 21 व 23 अगस्त को सत्र 2020-21 के लिए पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। 21 अगस्त को 15 अलग-अलग विषयों में 1866 अभ्यर्थी शामिल होंगे। वहीं, 23 अगस्त को 17 कोर्सों में 1886 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपनी लागइन आईडी से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय के पुराने कैंपस में आयोजित होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

## HINDUSTAN PAGE 6

### एलयू: बीए और सेमेस्टर की परीक्षा तिथि में बदलाव

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय की बीए वार्षिक अन्तिम वर्ष, बीए अन्तिम सेमेस्टर की तिथि में मोहर्रम की वजह से बदलाव किया गया है। 20 अगस्त की परीक्षा को आगे के दिनों में कर दिया गया है। बीए अन्तिम वर्ष के अन्तर्गत 20 अगस्त को जियोग्राफी और होम साइंस की परीक्षा प्रस्तावित थी जो अब 21 अगस्त को सुबह 8 से 10 बजे की पाली में होगी। बीए छठे सेमेस्टर की परीक्षा के अन्तर्गत 20 को जियोग्राफी और फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा अब 23 अगस्त को होगी।

#### केन्द्रीकृत प्रक्रिया के लिए 31 तक आवेदन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में साल 2020 में विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया था और पूरी प्रक्रिया को केंद्रीकृत कर विश्वविद्यालय के विभिन्न संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए भी द्वार खोले गए थे। इस प्रक्रिया में 119 पाठ्यक्रमों के लिए इस वर्ष 2021-22 के अकादमिक सत्र के लिए 52 महाविद्यालयों ने आवेदन किए हैं। महाविद्यालय 31 अगस्त आवेदन कर सकते हैं।

## PIONEER PAGE 3

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा को लेकर वेबसाइट पर प्रवेश पत्र उपलब्ध

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की पीएचडी कोर्सों में प्रवेश को लेकर 21 व 23 अगस्त को प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा को लेकर अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र वेबसाइट पर जाकर लॉगइन आईडी के सहारे डाउनलोड कर सकते हैं। पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की तरफसे मुख्य परिसर में दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। विवि के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक 21 अगस्त को 15 अलग.अलग पाठ्यक्रमों में 1866 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे। 23 अगस्त को होने वाली परीक्षा में 17 अलग.अलग पाठ्यक्रमों में 1886 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे।